हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

तापमान

अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

11 शिक्षकों ने स्कूल में दाखिले बढ़ाने के लिए ग्रामीणों से किया संपर्क



12 कोसली से खाटूधाम चली रोडवेज रास्ते में खराब, राजस्थान डिपो की बस में रवाना हुए लोग



## खबर संक्षेप



### बाइक सवार युवक की स्कूटी छीनकर फरार

**रेवाड़ी।** बगथला के निकट बाइक सवार तीन बदमाश एक युवक की स्कूटी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्राणपुरा निवासी नितिन ने कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत मे बताया कि वह घर से स्कूटी लेकर किसी काम से राजस्थान के टपूकड़ा गया था। वहां से वापस घर आते समय बगथला के पास पीछे से बाइक पर आए तीन बदमाशों ने बाइक आगे लगाकर उसकी स्कूटी रुकवा ली। जब तक वह कुछ समय पाता, तीनों ने जबरदस्ती उससे स्कूटी छीन ली। तीनों आरोपी स्कूटी लेकर भाग गए। उसने पुलिस को स्कूटी छीनने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। बाद में पुलिस ने स्कूटी छीनने का केस दर्ज कर लिया।

### झुग्गियों में रहने वाली युवती अचानक लापता

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन एरिया में झुग्गियों में रहने वाली एक युवती अचानक लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। परिवार के साथ झुग्गी में रहता है। उसकी 18 वर्षीय बेटी 2 मार्च को अचानक कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बेटी का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### कॉलेज के लिए निकला बीटेक का छात्र गायब

**रेवाड़ी।** सहारनवास कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई करने वाला एक छात्र गायब हो गया। पुलिस शिकायत में बीकानेर निवासी सुंदरी ने बताया कि उसका बेटा 21 वर्षीय रविंद्र सहारनवास कॉलेज से बीटेक कर रहा है। 3 अप्रैल को वह कॉलेज जाने के लिए घर से निकला था। शाम तक घर नहीं लौटने के बाद अपने स्तर पर पूछताछ की तो पता चला कि वह एक युवक के साथ बाइक पर गया था। इसके बाद वह कॉलेज नहीं पहुंचा। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**बावल।** आयसर कंपनी की एजेंसी के पास सड़क किनारे बाइक लेकर खड़े युवक की बाइक को ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। पुलिस बयान में बावल गांव निवासी ब्रह्मदेव ने बताया कि वह एजेंसी से बाहर आने के बाद सड़क के पास कच्चे रास्ते में अपने दोस्त श्रीकांत के साथ खड़ा बात कर रहा था। इसी दौरान एक ब्रेजा कार ने बाइक और उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक टूट गई और वह घायल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### परमहंस कुटी में सत्संग का आयोजन

**धारूहेड़ा।** गांव नंदरामपुर बास स्थित परमहंस कुटी में शुक्रवार को सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा शंकर दास महाराज ने कहा कि भगवान निश्चित उन भक्तों को ही मिलता है, जिनके जीवन में भगवान की सच्ची चाह होती है। जब तक हम संसार की मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान को मना रहे हैं तब तक सांसारिक वस्तु तो मिल सकती है, परंतु भगवान नहीं मिलत है। जो भी व्यक्ति सच्चे हृदय से भगवान का स्मरण करता हैं, भगवान भी सदैव उसका साथ देते है। रणधीर सिंह यादव, ताराचंद सैनी, डा. ज्ञान प्रसाद, बलराम जांगिड़, भोलाराम, रघुवीर व चांद सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बाइपास स्थित पोसवाल चौक की दयनीय हालत, शहर के सभी डिवाइडर टूटकर बिखरे

# राजीव चौक व महाराणा प्रताप चौक की सुधर रही दशा, अभी कई चौराहों को मरम्मत की दरकार

- कई चौराहों को तो नामकरण होने के बाद भी लंबे समय मूर्तियां लगने का इंतजार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से शहर के चौराहों की दशा सुधारी जा रही है। नगर परिषद की ओर से पिछले दिनों अंबेडकर चौक, राव तुलाराम चौक, गोपाल देव चौक व लियो चौक का जीर्णोद्धार का कार्य किया गया था। वर्तमान में नगर परिषद की ओर से बावल रोड स्थित महाराणा प्रताप चौक व राजीव चौक के सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य गत वर्ष मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणा के तहत कराया जा रहा है। शहर में करीब 18 चौराहे है, जिसमें सेक्टर-4 बाइपास स्थित चौराहों की भी दयनीय हालत बनी हुई है। कई चौराहों को तो नामकरण होने के बाद भी लंबे समय मूर्तियां लगने का इंतजार है। बाइपास पर चौराहों की चारदीवारी व लोहे की ग्रिल तक टूट चुकी है।







रेवाड़ी। पोसवाल चौक की जर्जर बाउंड्री वॉल, राजीव चौक का चल रहा जीर्णोद्धार कार्य, महाराणा प्रताप चौक का चल रहा जीर्णोद्धार। फोटो :हरिभूमि

### चौराहों की स्थिति

शहर के सरकुलर रोड पर राव तुलाराम चौक, अग्रसेन चौक, अंबेडकर चौक व धारूहेड़ा चुंगी चौक स्थित है। बावल रोड पर महाराणा प्रताप चौक, राजीव चौक व रणबीर हुड्डा चौक है। नारनौल रोड पर राव गोपाल देव चौक तथा गढ़ी बोलनी रोड पर कर्नल महासिंह चौक व राजेश पायलट चौक स्थित है। सेक्टर-4 बाइपास पर कर्नल राव रामसिंह चौक, पोसवाल चौक, पंडित भगवत दयाल चौक तथा दिल्ली रोड पर राव अभय सिंह चौक है। झज्जर रोड़ पर महाराजा दक्ष प्रजापति चौक है। इसके अलावा मॉडल टाउन में गांधी चौक, लाल बहादुर शास्त्री चौक व शिव चौक है।

#### दो चौराहों पर चल रहा सुधार कार्य

नगर परिषद की ओर से महाराणा प्रताप चौक व राजीव चौक का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। चौक पर बाउंड्री वॉल बनाने के साथ फव्वारे भी लगाए जाएंगे। महाराणा प्रताप चौक पर करीब 19.69 लाख खर्च किए जा रहे है तथा राजीव चौक पर इतनी लागत आएगी।

### इन चौराहों पर नहीं मूर्तियां

शहर के बावल रोड स्थित रणबीर हुड्डा चौक, सेक्टर-4 बाइपास स्थित कर्नल राव रामसिंह चौक, पंडित भगवत दयाल चौक व झज्जर रोड़ स्थित महाराजा दक्ष प्रजापति चौक पर अभी तक मूर्तियां तक नहीं लग पाई है। बाइपास पर स्थित पोसवाल चौक की सबसे ज्यादा दयनीय हालत बनी हुई है।

#### डिवाइडर की हालत बिगड़ी

सरकुलर रोड, बावल रोड, दिल्ली रोड, सेक्टर-4 बाइपास व नारनौल रोड पर डिवाइडर लंबे समय से जर्जर हालत में है। प्रशासन की ओर से इप डिवाइडरों का मेंटीनेंस तक नहीं किया जा रहा है। सरकुलर रोड पर ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए लगाए गए सीमेंट के डिवाइडर भी कई जगह गिरे हुए है।

# नकदी चोरी करने का आरोपी काबू

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए दो मोबाइल फोन व 2940 रुपये बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोकल गेट चौकी पुलिस ने मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर नकदी व मोबाइल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला मुल्यानवाडा निवासी सुधीर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए दो मोबाइल फोन व 2940 रुपये बरामद किए है। यादव नगर निवासी योगेश कुमार की झज्जर रोड पर मोबाइल रिपेरिंग की दुकान है। 3 अप्रैल की रात चोर उसकी दुकान का ताला तोड़कर दो मोबाइल फोन व नकदी चोरी कर ले गया। पुलिस ने थाना शहर में चोरी का मामला दर्ज करके एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

# गांव पुंसिका में मिले पेयजल के अवैध कनेक्शन, विभाग ने थमाए नोटिस

- कनेक्शन को वैध करने तथा खुले चल रहे नलों पर टोंटियां लगाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

ब्लॉक खोल की ग्राम पंचायत पुंसिका में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन में विभाग की ओर से जेई प्रवीण कुमार व सरपंच सत्यपाल यादव के नेतृत्व में गांव में जल जीवन मिशन के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग ने ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ मिलाकर गांव में पेयजल के अवैध कनेक्शन को चिन्हित करके नोटिस दिए। विभाग की ओर से लोगों को अपने कनेक्शन को वैध करने तथा खुले चल रहे नलों पर टोंटियां लगाने की अपील की गई ताकि सभी घरों तक साफ और स्वच्छ पानी पहुंच सके। लोगों को जल संरक्षण व पानी बचाने के प्रति भी जागरूक किया गया।

विभाग से बीआरसी संदीप कुमार ने ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की गतिविधियों में लोगों के योगदान की जानकारी दी। इसके साथ-साथ ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्यों के बारे में अवगत कराते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गांव से पंप ऑपरेटर हितेश कुमार, पंप ऑपरेटर सुपरवाइजर सुनील कुमार व संजय सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। अवैध कनेक्शन होने पर नोटिस देते हुए। फोटो :हरिभूमि

## पड़ोसी युवक 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म करके फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के एक मोहल्ले में पड़ोसी युवक 5 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करके फरार हो गया। युवक ने बच्ची को आइसक्रीम दिलाने के बहाने अपने घर ले जाकर शर्मनाक हरकत की। बच्ची की हालत खराब होने पर परिजनों को पता चला। आरोपी के खिलाफ सिटी थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। शहर के एक मोहल्ला में रहने वाला करीब 24 साल का एक युवक पड़ोस में रहने वाले एक परिवार की 5 साल की बच्ची को घर के बाहर खेलता हुआ देख आइसक्रीम दिलाने के बहाने 3 अप्रैल को अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। रोती हुई बच्ची जब घर पहुंची तो परिजनों ने उसकी हालत देखकर शहर थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया। इसके बाद पुलिस आरोपी युवक के घर भी पहुंची, लेकिन तब तक युवक फरार हो गया। सिटी एसएचओ सुरेंद्र ने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नसिया जी रोड पर गोदाम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के नसियाजी रोड स्थित एक सोफे के गोदाम में शुक्रवार की शाम भीषण आग लग गई। आग की लपटें गोदाम के बाहर तक निकलती दिखाई दी। गोदाम में रखे दो सिलेंडर भी तेज धमाके के साथ फट गए। गोदाम में कर्मचारी फंसे होने की सूचना पाकर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक गोदाम में रखा सामान पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया। आगजनी में लाखों रुपयों का नुकसान होने की संभावना है।

नसियाजी रोड पर ललित छाबड़ा ने सोफे का गोदाम बनाया हुआ है और पास में ही दो मंजिला गोदाम बनाया हुआ है। शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे जब गोदाम में कर्मचारी काम में जुटे हुए थे तो शॉर्ट-सर्किट से गोदाम के उपरी हिस्से में आग लग गई। उपरी मंजिल पर फोम, कपड़ा व लकड़ी होने से आग ने कुछ ही सैकेंड में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से वहां रखे दो सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गए। कर्मचारियों ने गोदाम से भाग कर जान बचाई। ललित छाबड़ा ने पुलिस व फायर बिग्रेड को सूचित किया। सूचना के बाद प्रशासनिक अधिकारी व फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

#### लाखों का सामान जलकर स्वाहा



रेवाड़ी। नसिया जी रोड पर गोदाम में लगी आग।

#### आग लगने से झुग्गियां व सामान जलकर राख

**रेवाड़ी।** गांव करनावास स्थित कबाड़ के गोदाम में आग लगने से पास ही बनी झुग्गियां और दो बाइकों सहित प्लास्टिक का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बावल रोड स्थित गांव करनावास में कबाड़ का गोदाम बना हुआ है। गोदाम के पास ही कुछ लोग झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे है। आसपास की कंपनियों से निकलने वाला प्लास्टिक का स्क्रैप गोदाम में एकत्रित किया जाता है। गत यूपी निवासी साहिल ने बताया कि गत रात जब वह अपनी झुग्गी में सोया हुआ था तभी उसकी पत्नी ने जगाकर बताया कि बाहर आग लगी हुई है। साहिल ने तुरंत अन्य झुग्गियों में सो रहे लोगों को जगाया। तेजी से बढ़ रही अब ने झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में प्लास्टिक का सामान होने के कारण आग काफी तेजी से फैलती चली गई। लोगों ने दमकल विभाग को आग की सूचना दी व अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की। कुछ देर बाद मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई। दमकल कर्मचारियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन इस बीच तीन के करीब झुग्गियां, गोदाम का कबाड़ व दो बाइक जलकर राख हो गई।





## ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे की सूचना देने की अंतिम तिथि आज

**रेवाड़ी।** जिले के गांवों में एक सप्ताह पहले हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसलों के खराबे की सूचना किसान अंतिम तिथि 6 अप्रैल तक ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दे सकते हैं। एसडीएम विकास यादव ने बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों की ओर से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी किया गया है। एसडीएम यादव ने बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल का दर्ज होना अनिवार्य है। किसान अब सीधे ही आपदा से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी स्वयं ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल दर्ज कर सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर उपलब्ध करवाए गए काश्तकार के सत्यापित खाते में सीधे जमा कराई जाएगी। एसडीएम ने सभी तहसील अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ प्राप्त दावों को सत्यापित करने का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए है।

**समारोह** डीसी राहुल हुड्डा ने राजकीय महाविद्यालय कोसली के दीक्षांत समारोह में की शिरकत

# शिक्षा को संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बनाएं विद्यार्थी: उपायुक्त

- देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शहादत को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री या सर्टिफिकेट प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, विद्यार्थियों को इसे संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर छात्र व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण होना चाहिए। जब वह शिक्षण संस्थान से पास होकर निकले तो भारत के ऐसे नागरिक के रूप में खुद को स्थापित करें जो भरपूर ऊर्जा व आत्मविश्वास से भरा हुआ हो। उन्होंने कहा कि उन्हें जीवन के जिस भी क्षेत्र में जो जिम्मेदारी दी जाए, तो पूरे आत्मविश्वास के साथ उसे चुनौती के रूप में स्वीकार कर लक्ष्य तक पहुंचाने में अपना योगदान दे। डीसी राहुल हुड्डा शुक्रवार को कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी के जीवन में दीक्षांत समारोह का दिन बेहद खास होता है। इस दिन उन्हें अपनी साल भर की मेहनत का फल मिलता है। इस खास दिन पर छात्र-छात्राओं को डिग्री, प्रशस्ति पत्र और पदक से नवाजा जाता है। छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके माता-पिता व अभिभावकों के लिए भी यह दिन बेहद गौरव भरा पल होता है। समय की मांग है कि विद्यालयों, महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों में ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जाए जहां नवाचार फलता-फूलता हो। जीवन में कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर डीसी ने पिछले तीन वर्षों के पासआउट विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीसी ने इस अवसर पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शहादत को नमन किया तथा महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया।







रेवाड़ी। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ करते डीसी राहुल हुड्डा, विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करते डीसी व प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

#### मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें युवा

डीसी हुड्डा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। जो युवक एवं युवती एक जनवरी, 2024 को 18 साल की आयु पार कर चुके हैं, उन्हें लोकसभा आम चुनाव नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपना वोट बनवा लेना चाहिए। चुनाव में मतदान करना भी प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व व गौरव की बात है। नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। हर चुनाव में हर एक मतदाता को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम कोसली उदय सिंह, कॉलेज प्राचार्य डा. सुधीर यादव, उप प्राचार्य डा. विवेक यादव, डा. लक्ष्य कौशल, सह संयोजक विनोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, डा. लाजवंती, संजीव कुमार, योगेश यादव, हकीकत, ओम प्रकाश यादव, अमित यादव, डा. संध्या, मिस प्रीति, जसवंत जाखड़, विकास शर्मा, जसमेर अहलावत, नीलम यादव, रेनू यादव व रेनू जांगड़ा सहित शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।



दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी से मिलती हैं कई सुविधाएं



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजात बच्चों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### गर्भवती महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## आंगनबाड़ी में देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।
योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## सुविधा लेने के लिए करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक को बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में दी जाती है अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र को वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

## विमानन एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पेशा

# छूना है आसमान, तो एविएशन में कोर्स करेगा आपका सपना पूरा

### युवाओं की बन रहा पहली पसंद



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

वर्तमान समय में दुनिया भर में हवाई सफर काफी महत्वपूर्ण हो चुका है। इसीलिए इसको काफी आसान और एडवांस भी बनाया जा चुका है तथा हर दिन इसमें नई नई तकनीक का उपयोग हो रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पर अनेक तरह के विभाग और अनेक प्रकार के क्षेत्र देखने को मिलते हैं। जिनके तहत विभिन्न प्रकार के पद निर्धारित किए गए हैं। इन सभी पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाती है तो अगर आप भी एविएशन के क्षेत्र में करियर देखने की चाह रखते हैं, तो यह आपके लिए एक बेहतरीन मौका हो सकता है।

### क्या है एविएशन कोर्स

एविएशन कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है जो उन छात्रों के लिए है जो एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को एक स्किल सेट और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है जो उन्हें एविएशन उद्योग में काम करने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एविएशन क्षेत्र में योग्य और तकनीकी संभावनाओं को उद्घाटित करना है। इस कोर्स को करने के बाद कोई भी छात्र एविएशन के क्षेत्र में अपने हुनर के आधार पर पद हासिल कर सकता है और आप भली-भांति जानते ही हैं कि वर्तमान समय में एविएशन के क्षेत्र में कितना बड़ा और कितना अच्छा स्कोप है।

### जरूरी योग्यताएं

*यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण कोर्स है। इसीलिए इस कोर्स हेतु कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है जिसके आधार पर कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है और इसको उसको करने के बाद एविएशन में अपना करियर देख सकता है। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित हैं*

- इस कोर्स के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- एवियशन कोर्स के लिए विद्यार्थी का बारहवीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- कुछ शिक्षण संस्थान इस कोर्स के लिए स्नातक डिग्री की भी मांग करते हैं।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए।
- एविएशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त होने चाहिए।
- विद्यार्थी को 12वीं कक्षा फिजिक्स और गणित विषय के साथ ही पास करनी होती है।
- विद्यार्थी के पास सभी प्रकार के पहचान और शैक्षणिक योग्यता वाले दस्तावेज होने चाहिए।

### फीस

*यह कोर्स कितना महत्वपूर्ण है और इसकी विशेषता तो अब तक आप जान चुके हैं, तो अब हम यह भी जान लेते हैं कि इस कोर्स को कराने वाले कॉलेज या शिक्षण संस्थान कितनी फीस वसूलते हैं। तो हम आपको बता देते हैं कि इस कोर्स की फीस अलग-अलग शिक्षण संस्थान पर निर्भर करती है। इसके अलावा जगह के आधार पर भी निर्भर करती है। लेकिन सामान्य तौर पर इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों को 100000 से लेकर 500000 तक खर्च करने होते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न प्रकार के खर्च हो जाते हैं। इस कोर्स की सही फीस पता करने के लिए शिक्षण संस्थान का चयन करके जानना होगा।*

### बेस्ट इंस्टिट्यूट

दुनिया भर की तरह भारत में अभी वर्तमान समय में काफी एविएशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट है जिनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट के नाम हम आपको नीचे बता रहे हैं। आप इनमें से किसी भी इंस्टिट्यूट का चयन करके अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए एविएशन कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं —

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन
- टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
- इंडियन एविएशन एकेडमी (मुंबई)
- राजस्थान विमान अकादमी (जोधपुर)
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी (उत्तर प्रदेश)
- एविएशन ट्रेनिंग सेंटर (हैदराबाद)

### एडमिशन कैसे लें

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आपको सबसे पहले यह देखना है कि भारत में एवियशन कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थान और कॉलेज कौन-कौन से हैं। उसके बाद आपको यह देखना है कि आप कौन से शिक्षण संस्थान या कॉलेज के तहत कोर्स करना चाहते हैं, अब आपको उस इंस्टीट्यूट्स के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।



### एविएशन इंजीनियरिंग

एविएशन इंजीनियरिंग एक उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी कोर्स है, जो एयरक्राफ्ट की तकनीकी मरम्मत और परीक्षण से संबंधित होता है। इस कोर्स के माध्यम से उम्मीदवारों को एयरक्राफ्ट के संरचना, यांत्रिक विज्ञान, नवीनतम तकनीकी विकास और मरम्मत तकनीकों में सक्षमता प्राप्त होती है।

### एयर होस्टेस कोर्स

एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड एक लोकप्रिय एविएशन कोर्स है जिसमें उम्मीदवारों को एयरलाइंस के सेवा क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स में उम्मीदवारों को यात्री सुविधाओं, सुरक्षा के नियमों और सामाजिक और पेशेवर क्रियाकलापों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स से उम्मीदवार एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड के रूप में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

### एविएशन मैनेजमेंट कोर्स

एविएशन मैनेजमेंट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो एविएशन क्षेत्र में प्रबंधन करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को एविएशन व्यवसाय के निर्माण, प्रबंधन, संचालन और विपणन के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को समाज और संचार माध्यमों के माध्यम से विपणन के बारे में भी शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स एक अधिकांश स्तरों पर उपलब्ध है जैसे कि स्नातक और स्नातकोत्तर तक।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स

एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो उड़ानों को नियंत्रित करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को उड़ानों के रूट और उनकी संख्या, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक विन्यास, फ्लाइट कंट्रोल तकनीक, टेक्निकल शब्दों का उपयोग और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

### पायलट कोर्स

पायलट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो विमान उड़ाने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को विमान उड़ाने की तकनीक, सुरक्षा सम्बंधित प्रक्रियाएं, उड़ान यात्रियों की रख-रखाव और उन्हें समय पर उनके गंतव्य पर पहुंचाने की शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एक अंतिम परीक्षा देनी होती है जिसके बाद वे उड़ान यात्रियों को सुरक्षित रूप से उड़ान देने के लिए पायलट बनने के लिए योग्य माने जाते हैं।

# बच्चों की भी तो सुनना सीखे माता-पिता तथा टीचर, हर बच्चा स्नेह का भूखा



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

क्या आपने माता-पिता या टीचर के स्थान पर रह कर बच्चों के मन को समझने की कौशिश की है, हो सकता है कुछ ने समझने का प्रयास किया है तथा कुछ शायद बिलकुल सुनने के लिए ही तैयार नहीं होते है क्योंकि कुछ पेरेंट्स अथवा टीचर अपने पिता या माता तथा टीचर के ओहदे से नीचे उतरने के लिए ही तैयार नहीं होते है। एक अध्यापक अपने को शिक्षक कम, अधिकारी ज्यादा समझता हैं, कुछ पेरेंट्स अपने अनुभव का इतना बखान करते है जो अपने ही बच्चो को कहीं बहुत नीचे छोड़ देते हैं। बहुत से पेरेंट्स को अपने बच्चों की बात सुनने का समय ही नहीं है, वो ये कहते है कि आप को जो चाहिए, पैसा, कपड़े, किताबे, बाइक, कार कुछ भी चाहिए, ले लो परंतु उनके पास समय नहीं हैं।

## टीचर होना, कोई नौकरी नहीं

टीचर को शायद बच्चों या आप उनको विद्यार्थी कह सकते है, उनको समझने या समझाने का सायक्लॉजिकल ज्ञान नही हैं, और ना ही कुछ टीचर समझना चाहते है क्योंकि वो अपने को शिक्षक समझते ही नही है, उनको शिक्षक होने का अर्थ ही नहीं समझ आता है, उनको शिक्षक होना इतना ही समझ आता है जैसे ये एक नौकरी है, और इससे पैसे मिलते है। मैं यहां ऐसे माननीय शिक्षको को कहना चाहता हूं कि आप अपने पद का अर्थ समझे ताकि आप सभी को अपने पद की गरिमा तथा गौरव समझ में आ सकें। टीचर होना, कोई नौकरी नहीं है ये राष्ट्र के बच्चों के चरित्र निर्माण की ड्यूटी हैं, उनके भविष्य को अच्छे से अच्छा बनाने का भी कर्तव्य हैं। यहां मैं ये नहीं कह रहा हूं कि केवल टीचर की ही ड्यूटी है, यहां माता पिता की ड्यूटी सबसे ज्यादा हैं। मैं ऐसे माता पिता से कहना चाहता हूं जिनके पास पैसे तो है लेकिन समय नहीं है, और केवल पैसों के दम पर अपने बच्चों का पालन पौषण करना चाहते है ऐसे माता पिता के बच्चें दो तरह से रिएक्ट करते हैं पहला तो वो कभी भी आप द्वारा किए जा रहे बिजनेस को नही अपनाएंगे क्योंकि उन्हें उस व्यवसाय के कारण कभी भी स्नेह नही मिल पाया, बच्चो को उस बिजनेस की वजह से दुलार प्यारा नही मिल पाया, दूसरा वो अपने पेरेंट्स को प्यार नही करेंगे क्योंकि जब बच्चों को उनके दुलार की जरूरत थी उस समय वो अपने कामों में बिजी रहें। दूसरा भागीदार है टीचर, जो बच्चों को केवल अपनी नौकरी के अनुसार समय तो देता है परंतु उनकी भीतर की भावनाओं को समझकर उनके मन की बात नही सुनते हैं इसलिए स्टूडेंट अपने टीचर को गुरु नही मानते हैं क्योंकि गुरु वही है जो उनकी रुचि के अनुसार उनकी स्किल को विकसित करने का कार्य करते है, उनकी पढ़ाई, उनके चारित्रिक विकास, उनके मनोभाव, उनकी दिनचर्या, उनके खानपान, उनके पसंद नापसंद का भी ध्यान रखे वहीं तो गुरु है, केवल अक्षर ज्ञान कराने वाले कभी भी गुरु नही बन पाते हैं।

### इन नियमों का पालन करें

प्रिय पेरेंट्स, अपने बच्चों को वो ही देना जो सबसे जरूरी है उस पर विमर्श करना बेहद आवश्यक है जैसे ;

- बच्चों के साथ रोज इंटरेक्ट करना।
- बच्चों के साथ एक समय का भौजन करना।
- अपने बच्चों के मन की बात सुनना। और उन्हें सुबह शाम वॉक पर लेकर जाएं तथा खूब बाते करें।
- बच्चों को पैसों से ज्यादा स्नेह देने की आदत विकसित करना।
- बच्चों को महीने में एक दिन किसी भी रिश्तेदार या मित्र के यहां लेकर जाना ताकि उनमें रिश्ते की समझ पैदा हो और झिझक दूर हो सकें।
- बच्चों को कभी भी पैसे से बहलाने की कौशिश ना करें, कभी लालच ना दें।
- बच्चों को कभी भी किसी से कंपेयर ना करें। इससे बच्चों में हीनभावना जन्म लेती हैं।
- अपने बच्चों को कभी भी नेगेटिव शब्दो से प्रताड़ित ना करें।
- बच्चों को प्रसन्न रहने के लिए प्रेरित करें। उनके साथ कुछ कहानी किस्से शेयर करें।
- अपने बच्चों को जीवन में ज्यादा संग्रह करना ना सिखाएं क्योंकि इस से अंतोदय के सूत्र को धक्का लगता हैं।

टीचर से भी विद्यार्थियों के लिए कुछ अपेक्षाएं हैं, हर शिक्षक उन्हे अपने जीवन में जरूर उतारने की कृपा करें, जैसे ; हर टीचर को हरेक विद्यार्थी में अपने खुद के बच्चों की सूरत दिखनी चाहिए। शिक्षक को उनकी कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी एक समान लगने चाहिए। एक टीचर को हर विद्यार्थी की पांच स्किल पर ध्यान देना चाहिए, पहली स्वास्थ्य, दूसरी चरित्र निर्माण, तीसरा व्यक्तित्व विकास, चौथा उसकी संगत का ध्यान और पांचवी उसकी पढ़ाई लिखाई पर उचित ध्यान देना।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

**खबर संक्षेप**

## बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ सड़क दुघर्टना का मामला दर्ज किया है। गांव नांगल खोड़िया निवासी रामचरण ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि गत 24 मार्च को उसकी माता पिस्ता देवी अपने पीहर गांव ताजपुर के लिए बस द्वारा आ रही थी, जब बस ताजपुर बस अड्डा के पास पहुंची तो बस अड्डा से थोड़ी दूर आगे शनि मंदिर के पास बस ने उतार दिया। सड़क की सही साइड में खड़ी बस आने का इंतजार कर रही थी तो इसी दौरान नारनौल की तरफ से एक मोटरसाईकल चालक आया और उसने उसकी माता को सीधी टक्कर मारी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई।

## हरियाणा दलित साहित्य अकादमी की हुई बैठक

**मंडी अटेली।** हरियाणा दलित साहित्य अकादमी की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष रोहतास सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में बिहाली की अनुसूचित जाति चौपाल में आयोजित की गई, जिसमें द्विवार्षिक कार्यकारिणी का गठन किया गया। कैलाश चंद को अध्यक्ष, राजकुमार व सूरजभान को उपाध्यक्ष, भगवान सिंह को महासचिव, लाल चंद को संयुक्त सचिव, धीरसिंह को कोषाध्यक्ष, सोना देवी व बबीता देवी को महिला विंग की सचिव, हरिश कुमार को सलाहकार तथा रामानंद, राकेश कुमार व सुंदरलाल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

### शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी करें सहयोग: डीसी

# चुनाव की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नकद लेन-देन से बचें राजनीतिक दल

प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू हैं तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा।




रेवाड़ी। चुनाव का पर्व-देश का गर्व लोगो। *फोटो : हरिभूमि*

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को अनुपालना करनी अनिवार्य व आवश्यक है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और विवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए।

डीसी ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू हैं तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति ले। उन्होंने बताया कि किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए। जुलूस से यातायात बाधित नहीं होना चाहिए।

### चुनाव अधिकारियों का करें सहयोग

डीसी हुड्डा ने बताया कि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों को सहयोग किया जाना चाहिए। साथ ही, चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बैज या पहचान पत्र दिखाना होगा। मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे कागज पर होनी चाहिए और जिस पर पार्टी का कोई नाम और निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, प्रचार अभियान की अवधि के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। चुनाव प्रचार अवधि के समाप्त होने के उपरांत, यदि कोई व्यक्ति मतदाता या चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार या उम्मीदवार का चुनाव एजेंट नहीं है तो उस व्यक्ति को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र को छोड़ना होगा।

### पोस्टरों को विकृत नहीं किया जाना चाहिए

डीसी ने कहा कि चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को किसी भी आधिकारिक काम को चुनाव प्रचार या चुनावी गतिविधियों के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए और वित्तीय या अन्य किसी प्रकार का कोई प्रलोभन मतदाता को नहीं दिया जाना चाहिए। मतदाताओं की जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जानी चाहिए और न ही कोई ऐसी गतिविधि जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकती है या विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषाई समूहों के बीच आपसी द्वेष पैदा करती हो या तनाव पैदा करती हो, ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जानी चाहिए। चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनीतिक दल नकद लेन-देन से बचें और अपने उम्मीदवारों, एजेंट, कर्मियों और पदाधिकारियों को निर्देश दें कि चुनाव के दौरान वे बड़ी मात्रा में नकद राशि अपने साथ न रखें। इसके अलावा राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से लगाए गए पोस्टरों को हटाना या विकृत नहीं किया जाना चाहिए। वाहनों पर रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए।

# लोकगीतों से मतदान के प्रति जागरूक हो रहे मतदाता



रेवाड़ी। ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक करते कलाकार।

- रचनात्मक गतिविधियों से लोगों को जागरूक किया रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के कलाकार गांव-गांव जाकर स्वीप अभियान के तहत आमजन को वोट बनवाने के साथ ही वोट डालने के लिए जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

विभाग के पार्टी कलाकार ढोलक, चिमटा व हारमोनियम की धुनों पर सुण ल्यो भाई सारे मतदाताओं, वोट डाल कै आणा सै, अपणे हाथां तै थमनै भारत का भाग्य बनाना सै... जैसे गीत व भजन गाते लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भजन मंडली कलाकारों ने शुक्रवार को ग्रामीणों से वोट बनवाने का आह्वान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में वोट का शत प्रतिशत प्रयोग करने बारे जागरूक किया। इस दौरान गांव गोलियाकी के सरपंच मनीष यादव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से लोगों को जागरूक किया रहा है। एडीसी अनुपमा अंजलि बतौर नोडल अधिकारी गतिविधियों के आयोजन की मॉनिटरिंग कर रही हैं। जिले के प्रत्येक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके।

# अंडरपास निर्माण के चलते बंद किए गए रास्ते से लोगों में रोष

- लोगों को ज्यादा दूरी तय करने से लोग परेशान, कस्बा वासी विधायक सीताराम के कार्यालय पर पहुंच कर अपनी पीड़ा रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** अंडरपास बंद करने पर रेलवे के सहायक अभियंता कमलेश के सामने विरोध करते व्यापारी व लोग तथा मुख्य बाजार में अंडरपास बंद करके लगाया गया अवरोधक। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी वाया नारनौल-रींगस रेलमार्ग के दोहरीकरण के कारण मंडी अटेली के मुख्य बाजार में अंडरपास (आरयूबी 27 ए) आगामी 40 दिनों तक बंद करने पर अटेली के व्यापारियों में रोष फैल गया और वह शुक्रवार देर सायं करीब 6 बजे काम रूकवाने के लिए अंडरपास पर पहुंच गए। अंडरपास के दिनभर बंद होने से व्यापारी व दुकानदारों में भारी रोष देखा गया। कस्बावासी विधायक सीताराम के कार्यालय पर पहुंचे और अपनी पीड़ा व्यक्त की। अंडरपास बंद होने की समस्या को लेकर पार्षद डॉ. राजकुमार, संजय गोयल, युवा नेता हिमांशु गोयल, विपिन दुर्गा, बेदप्रकाश, महेंद्र सिसोदिया, विकी पंजाबी, धर्मेंद्र सरपंच, किशन सैनी, रतनलाल गर्ग व जितेंद्र सिंघल आदि ने बताया कि अंडरपास के बंद होने से एक तरह से उनकी आवागमन बंद हो गया है। इतने लंबे समय तक बंद होने से लोगों की समस्याएं बढ़ जाएगी। व्यापारियों का कहना था कि इतने दिनों तक अंडरपास के मुख्य रास्ते को बंद करने के लिए व्यापारियों से किसी प्रकार की मंत्रणा नहीं हुई। आनन-फानन में रास्ते को बंद करने से अंडरपास के दूसरे हिस्से के लोगों ने मौके पर पहुंच कर रेलवे के सहायक अभियंता कमलेश कुमार के सामने अपना रोष प्रकट किया। सहायक अभियंता कमलेश कुमार ने बताया कि अंडरपास को उन्होंने अपनी मर्जी से बंद नहीं किया, बल्कि रेलवे ने इसके लिए स्वीकृति मांगकर नियमों के अनुसार किया है। इसके लिए गत 29 मार्च को एक बैठक हुई थी, जिसमें रेलवे के कार्यकारी अभियंता के अलावा तहसीलदार, नगरपालिका, बीडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया था। नया ट्रेक बिछाने के लिए उपमंडल अधिकारी ने अंडरपास को 40 दिन के लिए बंद करने की स्वीकृति प्रदान करने का पत्र जारी करने पर कार्य किया है। शुक्रवार को अंडरपास का मार्ग बंद होने पर आरओबी बहरोड़ रोड या उनिंदा की तरफ से आवागमन कर दिया है। बता दें कि अटेली शहर को अंडरपास दो भागों में विभाजित करता है। इसके बंद होने से कस्बे के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। अंडरपास के दूसरे हिस्से की तरफ अस्पताल, पशु अस्पताल, पुरानी मंडी, थाना, बीडीपीओ, तहसील कार्यालय समेत अनेक कार्यालय है।

## एनएच 152-डी पर कट की मांग को लेकर धरना जारी

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 390वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता हंसकुमार सेहलंग ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पड़ा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। मौके पर रणधीर पहलवान, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, लक्ष्मण सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, नरेंद्र शास्त्री, मुंशीराम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार आदि थे।

# शिक्षकों ने दाखिले बढ़ाने के लिए ग्रामीणों से किया संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को बच्चों के दाखिले के लिए प्रेरित करते हुए अध्यापक।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज के अध्यापकों ने स्कूल में नामांकन वृद्धि के लिए शुक्रवार को गांव में डोर टू डोर अभियान चलाया।

मौलिक मुख्य अध्यापिका कांता देवी के नेतृत्व में अध्यापकों की टीम ने अभिभावकों को बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में कराने के लिए प्रेरित किया।

विज्ञान अध्यापक महेश कुमार ने बताया कि नामांकन अभियान का मुख्य उद्देश्य गांव के अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला गांव के ही राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित करना है। मुख्य अध्यापिका व स्टाफ सदस्यों ने ग्रामीणों को विद्यालय में प्रदान की जा रही सरकारी सुविधाओं तथा उपलब्धियों से अवगत कराया। अभियान में विद्यालय के सभी अध्यापक शामिल हुए।

# झाबुआ रोड पर जमा गंदा पानी बना ग्रामीणों की आफत



रेवाड़ी। सड़क पर जमा गंदा पानी दिखाते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज. बावल

बावल के झाबुआ रोड जमा गंदा पानी लोगों के लिए आफत बना हुआ है। इस मार्ग पर जटवाडा मोहल्ले के लोग करी पांच साल से मकान बनाकर रह रहे है, लेकिन नगर पालिका की ओर से अभी तक सीवर लाइन डालने के लिए कोई कदम नहीं उठाए है, जिससे घरों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। रघुवीर, महासिंह, प्रभु, कर्मबीर, बिजेंद्र होशियार, मूर्ति, सुदेश व श्यामा ने बताया कि गंदे पानी के जमा होने से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। गर्मी शुरू होने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## किसान के कुएं से सामान किया चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचावास में एक किसान के खेत से अज्ञात चोर तीन फव्वारे, 28 पंप व दो आधे पंप चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित किसान अमरनाथ शर्मा ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव बुचावास का निवासी है तथा खेतीबाड़ी का कार्य करता है। तीन अप्रैल की शाम को वह अपना खेती का कार्य करने के बाद जब घर आया तो अपने कुएं पर पंपसैट के 10 फव्वारे, 28 पंप व दो आधे पंप छोड़कर आया था। परंतु सुबह चार अप्रैल को करीब नौ बजे घर से कुएं पर गया तो यहां से तीन फव्वारे, 28 पंप व दो आधे पंप गायब थे। पीड़ित किसान ने पुलिस थाने में शिकायत देकर सामान बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# अनाज मंडी का किया निरीक्षण

- खरीद के लिए एक की बजाए दो प्वांइट बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल



नारनौल। अनाज मंडी में फसल खरीद का जायजा लेती उपायुक्त मोनिका गुप्ता।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शुक्रवार को अटेली की अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रबी फसल की सरकारी खरीद का जायजा लिया व किसानों की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने मंडी में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान किसानों की मांग पर डीसी ने खरीद के लिए मंडी में एक की बजाए दो प्वांइट बनाने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को ज्यादा देर तक इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने बरसात की संभावना देखते हुए अधिकारियों को यहां पर पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह से सूखाकर तथा साफ करके मंडी में लाएं। सरसों में आठ प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान डीसी ने किसान कैंटीन के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद डीसी ने वेयर हाउस का भी दौरा किया। यहां पर उन्होंने और अधिक ट्रक व लेबर लगाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अनाज मंडी में बिजली, पानी शौचालय सहित तमाम तरह की सुविधाएं होनी चाहिए।



रेवाड़ी। डा. बनवारी लाल का स्वागत करते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

## बावल में राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ की बैठक आयोजित

बावल। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ की ओर से शुक्रवार को बावल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह ने सुरेंद्र वशिष्ठ को प्रदेश सचिव तथा सतीश शर्मा को बावल विधानसभा शहरी प्रधान नियुक्त किया। इस अवसर पर डा. बनवारी लाल ने दोनों को नवीन दायित्व के लिए बधाई दी। संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है तथा सरकार की कल्याणकारी नीतियां व्यापारियों तक पहुंचाई जा रही है। संगठन का उद्देश्य सभी ट्रेड के व्यापारियों को एक प्लेटफार्म पर लाना है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह, प्रीतम सोनी, राजेश सोनी, संजय नरूला, बलराज दायमा, सोनू, मनीष सोनी, नानक ठक्कर, शशि, हरीश, संजय गेरा, अतुल गुप्ता, संजीव शर्मा, डा. रामनिवास व अरुण सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

5 रेवाड़ी 6 का फोटो कैप्शनः

### सड़क सुरक्षा को लेकर सुधारात्मक कार्य किए जा रहे

# सड़क पर खड़े वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल



नारनौल। सड़क पर खड़ी पिकअप गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

- वाहन के चालक सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन खड़ा कर देते

मुख्य मार्ग पर ढाबा, पेट्रोल पंप इत्यादि के समीप वाहन के चालक सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा निर्देश पर लगातार थानों व ट्रैफिक पुलिस चालान काटने की कार्रवाई कर रही है, साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर सुधारात्मक कार्य भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस ने जिलेभर में सड़क पर खड़े नौ वाहनों के चालकों पर धारा 283 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर वाहनों को जब्त किया गया। वाहन चालकों के विरुद्ध संबंधित थाना में मामले दर्ज किए गए। इस दौरान यातायात पुलिस ने कई वाहन चालकों के मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटने की कार्रवाई भी की। इस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

### नियम न मानने की वजह से अधिकतर हादसे होते

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि एसपी अर्श वर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। पुलिस की ओर से हाईवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती अपनाते हुए वाहनों के चालान किए जा रहे हैं। नियमों को ना मानने की वजह से अधिकतर हादसे होते हैं। पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा, लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से लगातार अपील की जा रही है और यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से गलत लेन में वाहन चलाने वाले, रोड पर वाहन खड़ा कर रास्ता बाधित करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ 283 आईपीसी के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने नौ वाहन चालकों पर मामला दर्ज किया।

## डिजिटल मीडिया में रोजगार के लिए तकनीकी बारीकियों की समझ आवश्यकः

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शुक्रवार को फेक्ट चैकिंग पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पत्रकार एवं फेक्ट चैकर मोहम्मद फहाद विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में विशेषज्ञ मोहम्मद फहाद ने कहा कि तथ्यात्मक समाचार एवं सूचनाएं आमजन तक पहुंचाना पत्रकार का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया के प्रसार के साथ ही दुनिया में भ्रमित सूचनाएं लगातार पहुंच रही हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से इन्हें बनाना व सांझा करना आसान हो गया है। ऐसे में भ्रमित सूचनाओं की पहचान, उनकी रोकथाम व उसके बारे में जागरूकता वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। विशेषज्ञ उदाहरणों के माध्यम से बताया कि डिजिटल मीडिया में गति है, लेकिन सत्यता एवं तथ्यपरकता बनाए रखने का दायित्व भी पत्रकार का है। मोहम्मद फहाद ने विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया की बारीकियों से अवगत करवाते हुए आर्गेनिट ट्रैफिक, अनआर्गेनिक ट्रैफिक, रेफल ट्रैफिक, बाउंस बैक, सर्च इंजन ऑपटिमाइजेशन, गूगल एनेलेटिक्स, गूगल ट्रेंडस सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा लेखन का अभ्यास करें व दुनिया भर में मीडिया के क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर अपनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि नए पत्रकारों के लिए डिजिटल पत्रकारिता ही भविष्य है।

## आज सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना की मंडियों में नहीं काटे जाएंगे टोकन

**नारनौल।** मंडियों में अधिक मात्रा में सरसों आने तथा उठान कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना में छह अप्रैल को किसानों को टोकन जारी नहीं किए जाएंगे। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिले की तीन मंडियों सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना में अधिक मात्रा में सरसों आने के कारण उठान कार्य प्रभावित हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए तीन मंडियों में टोकन जारी न करने का फैसला लिया है।

**सूचना**

मैं, सतबीर सिंह पुत्र श्री डेडा राम निवासी ग्राम फतेहपुरी टप्पा डहीना जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र चंचल व उसकी पत्नी पूजा वाल्मीकी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं तथा अपनी मनमानी करते हैं। मैं इन दोनों को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।भविष्य में यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेन-देन,विवाद अथवा व्यवहार करता है तो ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी अथवा मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 7 अप्रैल को पंजाबी धर्मशाला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रेमनाथ गेरा कार्यक्रम में मुख्यातिथि व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव बलजीत यादव विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से शिक्षाविद राज कुमार जलवा, नरेन्द्र जोशी जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद व यतीश सिंहल का अभिनंदन किया जाएगा। संस्था की ओर से समाजसेवी साथियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### मॉडल संस्कृति स्कूल में अंग्रेजी मीडियम से होंगे दाखिले

**कोसली।** शहीद जीतराम राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाहड़ में इस बार अंग्रेजी माध्यम में दाखिले किए जाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय में सीबीएसई से मान्यता होने से कक्षा पहली, छठी, नौवीं तथा ग्यारहवीं कक्षा के दाखिले विद्यालय में उपलब्ध सीटों पर ड्रा के आधार पर किए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक कक्षा की संख्या नियम अनुसार तय की जाएगी और विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। दाखिले 1 अप्रैल से आरंभ हो चुके हैं, जिसमें विद्यार्थियों के आवेदन 20 अप्रैल तक प्राप्त किए जाएंगे तथा 22 अप्रैल को प्राप्त आवेदनों पर पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ड्रॉ से दाखिला किया जाएगा।

### महाशय भीमसिंह की स्मृति में समारोह आज

**रेवाड़ी।** गांव लिसान निवासी जाने-माने लोकगायक, रेडियो सिंगर तथा आशु कवि स्व. महाशय भीमसिंह के जन्मदिवस पर 6 अप्रैल को गांव



सीहा के राधाकृष्ण मंदिर में स्मृति समारोह आयोजित किया जाएगा। युवा चेतना संगठन तथा महाशय भीमसिंह स्मृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता स्वामी शंकरदास महाराज करेंगे। संगठन के महासचिव प्रदीप यादव ने बताया कि समारोह में महाशय के अनेक शिष्य उनकी रचनाओं के गायन के माध्यम से उन्हे याद करेंगे।

## डीसी राहुल हुड्डा ने लिया कोसली अनाज मंडी में फसल खरीद का जायजा

# दो लाख के आंकड़े की ओर अग्रसर सरसों की सरकारी खरीद, दो हजार क्विंटल गेहूं भी खरीदा

- डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को गेट पास प्राप्त करने से लेकर फसल बेचने उपरांत उनके खातों में पैसे आने से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडी में सरसों की सरकारी खरीद सुचारू रूप से चल रही है। शुक्रवार को डीसी राहुल हुड्डा ने कोसली अनाजमंडी का दौरा कर सरसों खरीद का जायजा लिया। उन्होंने सरसों में नमी की मात्रा की भी जांच की। डीसी ने अधिकारियों को किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने व लिफ्टिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को अनाजमंड़ियों में गेहूं की आवक भी रही, अभी तक 1944 क्विंटल के करीब गेहूं की खरीद हो पाई है। गेहूं में नमी ज्यादा होने के कारण खरीद सुचारू नहीं हो पाई है।

जिले की तीन मंडियों में हैफेड की ओर से शुक्रवार तक 17549.42 एमटी सरसों की खरीद की जा चुकी है, जिसमें रेवाड़ी अनाजमंड़ी में 5172.9 एमटी, कोसली में 8198.2 एमटी तथा बावल अनाजमंडी में 4178.5 एमटी सरसों की खरीद हुई है। तीनों अनाजमंड़ियों से अब तक 9859.5 एमटी सरसों का उठान किया जा चुका है, जबकि 7690.37 एमटी सरसों का उठान होना बाकी है।

1


2


3


**रेवाड़ी।** बिठवाना मंडी में सरसों की तुलाई करते मजदूर, कोसली अनाजमंडी में सरसों खरीद की जांच करते डीसी व रेवाड़ी अनाजमंडी में खरीदा गया गेहूं भरते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### आज इन गांवों का रहेगा शेड्यूल

किसानों की सुविधा के लिए रेवाड़ी, बावल व कोसली स्थित नई अनाज मंडी में गावों के रोस्टर के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है। 6 अप्रैल को बिठवाना मंडी में मीरपुर, गोकलपुर, ततारपुर ईस्तमुरार, सुनारिया, पंचलई, बंगड़वा, सांपली व टींट, नई अनाज मंडी कोसली में जुड्डी, कारोली, मुंदड़ा, मुरलीपुर, बेरली कलां व बालधन खुर्द तथा बावल अनाज मंडी में तिहाड़ा, नांगल उगरा, नांगल शहबाजपुर, नंगली परसापुर व अलावलपुर के किसानों की एमएसपी पर सरसों की खरीद होगी। बिठवाना व बावल मंडी का आगमी सपतह को शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। 8 अप्रैल को बिठवाना मंडी में गढी, बोलनी, भूडला, गूजरीवास, जाटूवास, पंचगांव, मुरादपुरी, जीतपुरा, माजरा श्योराज, निगांनियावास, 9 अप्रैल को काकोडिया, भूस्थल ठेठर, भूरथल जाट, सहारनवास, कान माजरा, रामपुरा, लाधुवास अहीर व खरसानकी, 10 अप्रैल को गोकलगढ, शेखपुर शिकारपुर, किशनगढ, बालावास जमापुर, तुर्कियावास व फदनी, 11 अप्रैल को गोलियाकी, मामडीया अहीर, मामडीया आसमपुर, मामडीया ठेठर, भोतूवास अहीर, बिकानेर, गंगायचा अहीर, राजियाकी, पुंसिका व संगवाडी, 12 अप्रैल को चिल्हड, बोडिया कमालपुर, राजपुरा खालास, बुडाना, बुडानी व भाण्डौर तथा 13 अप्रैल को जाडरा, ढाकिया, करावरा मानकपुर, नूरपुर, जैतपुर शेखपुर, जाट, जांटी, राजावास, करनावास व शादीपुर के किसानों की सरसों खरीद होगी। बावल अनाजमंडी में 8 अप्रैल को सुबासेडी, प्राणपुरा, खेडी मोतला व गोबिन्दपुर, 9 अप्रैल को मंगलेश्वर, रघुनाथपुरा, टीकला, रणसी माजरी व बिदावास, 10 अप्रैल को खुरर्मपुर, इब्राहीमपुर, आसलवास व रानौली, 11 अप्रैल को सैदपुर उर्फ जैतपुर, शाहपुर, शेखपुर, भगवानपुर व खेडी डालूसिंह, 12 अप्रैल को नांगल तेजू, धरचाना, आंनदपुर व बिशनपुर तथा 13 अप्रैल को खेडा मुरार, पांवटी, जैतडावास, कसौला व कसौली की सरसों खरीद होगी।

### डीसी ने कोसली अनाज मंडी में व्यवस्थाएं जांची

डीसी राहुल हुड्डा ने शुक्रवार को कोसली अनाजमंडी में सरसों व गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं की जांच की। डीसी ने कहा कि फसल खरीद के दौरान किसानों की सुविधा को पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को गेट पास प्राप्त करने से लेकर फसल बेचने उपरांत उनके खातों में पैसे आने से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीसी ने कहा कि खरीद एजेंसियां फसल उठान कार्य में तेजी लाएं ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी या समस्या आती है तो वह एसडीएम कोसली व डीसी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सरसों में नमी की मात्रा की भी जांच की और बताया कि जिले में हैफेड, वेयर हाउस व खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से निर्धारित नमी से ऊपर की फसल की खरीद की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम कोसली उदय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** कैंप में उपस्थित डॉक्टर व संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### कैंप में 83 लोगों ने कराई नेत्र जांच

**रेवाड़ी।** माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर की ओर से शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र जांच कैंप आयोजित किया गया। कैंप में वार्ड-4 व 5 सहित धारूहेड़ा चुंगी, शुक्रपुरा, चौधरीवाड़ा व छिपटवाड़ा मोहल्लों के लोगों ने आंखों की जांच कराई। प्रेस सचिव बहादुर सिंह ने बताया कि कैंप में 83 मरीजों ने आंखों की जांच कराई। डॉ. पुष्पेंद्र एवं डॉ. अरूण सिंह व तरूण सिंह मार्केटिंग मैनेजर ने कैंप में सहयोग दिया।

### अजय कांटीवाल बने भाजपा लाभार्थी योजना विभाग के संयोजक

**रेवाड़ी।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं बावल मंडल प्रभारी अजय कांटीवाल को संगठन की तरफ से एक और जिम्मेदारी दी गई है।



कांटीवाल को लाभार्थी योजना विभाग का जिले का संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रदेश संयोजक संजीव सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विचार विमर्श कर यह नियुक्ति की है। कांटीवाल ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश संयोजक संजीव सैनी एवं जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान का आभार व्यक्त किया है।

# गलत लेन ड्राइविंग पर वाहन चालकों के काटे चालान

- यातायात नियमों की पालना दृढ़ता से कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से शुक्रवार को गलत लेन ड्राइविंग का स्पेशल अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने गलत लेन ड्राइविंग करने पर 101 वाहन चालकों के चालान किए तथा 5 वाहन चालकों पर धारा 283 आईपीसी के तहत कार्रवाई करके वाहनों को जब्त किया गया। एसनी ने सभी पुलिस अधिकारियों वकर्मचारियों को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से कराने के निर्देश दिए थे, जिससे सड़क हादसों से बचा जा सके। नियमों को न मानने की वजह से अधिकतर हादसे होते हैं। पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा व लेन ड्राइविंग करने के लिए वाहन जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने गलत लेन ड्राइविंग कर रहे वाहन चालकों को सही लेन और सही दिशा में वाहन चलाने के लिए जागरूक किया। पुलिस की ओर से इस प्रकार के अभियान समय-समय पर आगे भी चलाए जाएंगे।



**रेवाड़ी।** वाहन चालक का चालान काटते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# केएलपी कॉलेज में सेक्सुअल हैरेसमेंट की रोकथाम पर सेमिनार आयोजित



**रेवाड़ी।** मुख्या वक्ता का स्वागत करते हुए प्राचार्या व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

किशनलाल पब्लिक कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी की ओर से शुक्रवार को प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डा. अर्चना सूट्टा उपस्थित रही।

प्राचार्या डा. कविता गुप्ता, डा. अनुराधा दीपक, डा. प्रतिभा राव, डा. ममता शर्मा तथा डा. दिव्या ने मुख्य वक्ता का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. अर्चना ने भंवरी देवी तथा केपीएस गिल बनाम रूपन देओल बजाज विवादों के बारे में बताते हुए विशाखा गाइडलाइंस-1997 तथा पोश-एक्ट 2013 के बारे में जानकारी दी। डा. सूट्टा ने यौन उत्पीडन के क्विड प्रो क्यो चिन्ह की जानकारी देते हुए प्रिवेंशन, प्रोहिबिशन और रिड्रेसल के सिद्धांत का पालन करते हुए, 45 दिन में जांच और 3 माह के भीतर निवारण होने की अनिवार्यता से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को शी बॉक्स पोर्टल, इंटरनल कंप्लेंट कमेटी के संगठन तथा कार्यों के बारे में बताया।

कॉलेज की प्राचार्या डा. गुप्ता ने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक व्यवहार में इन जानकारियों के क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल देने की अपील की। मंच संचालन डा. प्रतिभा ने किया। इंटरनल कंप्लेंट समिति की कन्वीनर डा. अनुराधा दीपक ने मुख्य-वक्ता व प्राचार्या सहित सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। कॉलेज कार्यकारिणी के प्रधान अमित गुप्ता, उपप्रधान संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल कुमार गोयल और कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डा. मंजू गर्ग, डा. जया शर्मा, मीनू घई, डा. गायत्री यादव, डा. मेघना शर्मा, डा. विकास पोपली, डा. ऋचा शर्मा, डा. संगीता यादव, डा. रेखा रानी, मोनिका यादव, हरभजन सिंह, मुकुट अग्रवाल, खुशबू राव, पूजा सोनी, अंजली वर्मा, प्रवीण कुमारी, प्रीत कुमारी, उर्मिला कुमारी, प्रतिभा राव व ज्योति शर्मा उपस्थित थे।

# सामाजिक और धार्मिक सुधारों पर ही किसी राष्ट्र के विकास की नींव खड़ी होती: निदेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



**रेवाड़ी।** इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कर्मवीर को पौधा भेंट करते निदेशक। फोटो : हरिभूमि

कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में शुक्रवार को इतिहास विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्रीकृष्ण राजकीय महाविद्यालय कंवाली के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कर्मवीर ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और आर्य समाज की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज आंदोलन क्रान्तिकारी और भारत का वह आंदोलन है, जिसने सभी क्रांतिकारी और सामाजिक सुधार आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की। क्रांतिकारियों में महर्षि दयानंद सरस्वती का विशेष प्रभाव था। आर्य समाज से जुड़े लोगों की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका रही है। महिला शिक्षा में उनका अतुलनीय योगदान रहा। स्कूलों और कालेजों का विशाल नेटवर्क स्थापित किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के महत्व व ज्ञान को समझने के लिए वेदों की और लौटने का नारा दिया।

इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक सुधारों पर ही किसी राष्ट्र के विकास की नींव खड़ी होती है। महिलाओं की शिक्षा में आर्य समाज के योगदान का ही परिणाम है कि आज महिलाएं शिक्षा में बराबरी कर रही हैं। डा. अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. अनिता देवी, डा. रीनू यादव, नीलम यादव, सोनिया यादव, अंजलि पांचाल, विपुल यादव, सचिन कुमार, ज्योति, अंजू, बिंदु, मधुबाला, विरेन्द्र, सुनिता, नीरू, मंजूरानी, सुशीला, रविन्द्र व सविता सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# 30 घंटे से युवक लापता तालाब में डूबने की संभावना

## ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू करने में जुटी प्रशासन की टीम



**रेवाड़ी।** गांव के तालाब के पास जमा ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव लिसान निवासी 32 वर्षीय युवक संजय यादव गत दिवस वीरवार दोपहर से घर गायब है। युवक परिवार को बिना बताए कही चला गया। परिजनों की ओर से काफी तलाश करने पर भी युवक का सुराग नहीं मिल पाया है। शुक्रवार को गांव के तालाब के पास चप्पल दिखाई थी तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया, जिसके बाद गांव के सरपंच जय सिंह ने तुरंत प्रभाव से इस बारे में प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद तहसीलदार श्रीनिवास, खोल थाना प्रबंधक प्रहलाद सिंह व चौकी इंचार्ज सचिन पूरी रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने युवक के गांव के तालाब में डूबने की संभावना जताई है। तालाब में संजय की तलाश की जर रही है, लेकिन पिछले 30 घंटे बीत जाने के बावजूद भी अभी तक उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। ग्रामीण भी रेस्क्यू टीम का पूरा सहयोग कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि संजय काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

**अव्यवस्था** सही समय पर मेंटीनेंस नहीं होने से पहले भी रास्ते में कई बार धोखा दे चुकी रोडवेज

# कोसली से खाटूधाम चली रोडवेज रास्ते में खराब, राजस्थान डिपो की बस में रवाना हुए लोग

- बीच सड़क में बस के खराब होने पर उतारनी पड़ी सवारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कोसली बस स्टैंड से शुक्रवार को सवारियों को लेकर श्री श्याम खाटूधाम के लिए रवाना हुई हरियाणा रोडवेज रास्ते में ही नीम का थाना के पास जवाब दे गई। ड्राइवर के काफी देर तक मशक्कत करने के बाद भी बस आगे नहीं चल पाई, जिसके बाद चालक ने डिपो में सूचित किया। बस में बैठी सवारियों को भी नीचे उतरना पड़ा। बस का ड्रम जाम होने से अगला पहिया जाम हो गया, जिसके बाद बस से उतरी सवारियां राजस्थान डिपो की बस में खाटूधाम के लिए रवाना हुई। रोडवेज की काफी बसें कंडम हालत में है। बसों की समय पर मेंटीनेंस नहीं होने के कारण यह रास्ते में खराब होकर यात्रियों के लिए परेशानी बन रही है। डिपो की ओर से बसों की सर्विस और मेंटिनेंस से ज्यादा कमाई पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। पहले भी काफी बार रोडवेज बीच सड़क पर खराब होकर धोखा दे चुकी है। खराब हुई बस को पास के ही मिस्त्री से ठीक कराकर चालक कोसली डिपो में खाली लेकर पहुंचा।




**रेवाड़ी।** खाटूधाम के रास्ते में खराब हुई रोडवेज तथा बस खराब होने पर बाहर खड़ी सवारी। फोटो : हरिभूमि

### बेडे में कुल 148 बसें

रोडवेज के पास अभी कुल 148 बसें है, जिनमें से 35 किलोमीटर स्कीम की बसें है। नई व सही हालत में मौजूद बसों को लंबे रूट पर चलाया जा रहा है। पुरानी हो चुकी बसों को गुरुग्राम, कोसली, जाटूसाना, पटौदी, नारनौल व महेन्द्रगढ़ के कमी दूरी के रूट पर चलाया जा रहा है, जिनमें काफी बसें मेंटिनेंस के अभाव में बीच सड़क में खराब होकर यात्रियों के लिए परेशानी बन रही है।

### पहले भी कई बार खराब हो चुकी बसें

कांट्रैक्ट बेस पर चल रही रोडवेज की भी ऑपरेटर समय पर सर्विस और मेंटिनेंस नहीं करा रहे हैं। इन बसों के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। बसों का बीच रास्ते में ब्रेकडाउन हो जाना यात्रियों के लिए मुसीबत बन गया है। रास्ते में बस के खराब होने पर दूसरी बस आने तक लोगों को सड़क पर काफी देर तक इंतजार कराना पड़ता है।

### बसों की नियमित रूप से जांच जरूरी

रोडवेज बसों की नियमित रूप से जांच नहीं होने पर यह सफर के दौरान यात्रियों के लिए परेशानी पैदा कर रही हैं। बीच सड़क में खराब होने पर बसें हादसे को न्योता भी दे रही है। बसों में समस्या होने के बाद कुछ दिनों तक सभी बसों की जांच पर विशेष जोर दिया जाता है। बाद में फिर से सुस्ती का रूटिन शुरू हो जाता है।



**रेवाड़ी।** स्कूल में नए विद्यार्थियों का स्वागत करते शिक्षक।

# राजकीय स्कूल टूमना में नया सत्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

शहीद होशियार सिंह राजकीय उच्च विद्यालय टूमना में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन और प्रवेश उत्सव के साथ किया गया। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने हवन में आहुति डाली और विद्या की देवी सरस्वती का वंदन किया। हवन का आरंभ विघ्नहर्ता गणेश पूजन से किया गया। मुख्य अध्यापक ओम प्रकाश ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। शिक्षकों ने नए विद्यार्थियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राज कुमार व दीपक कुमार मेहरा ने कहा कि गांव से स्कूल में ज्यादा से ज्यादा दाखिले कराए जाएंगे। इस अवसर पर मनोज कुमार, नकुल शास्त्री, सतबीर, अनिल कुमार, मुकेश, रेखा, संगीता, राम अवतार व अतर सिंह सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति तथा स्टाफ सदस्य मौजूद थे।